# अध्यक्ष, बोकारो क्षेत्र का प्रतिवेदन ....



परम आदरणीय अध्यक्ष महोदय, उपाध्यक्ष महोदय, महासचिव महोदय, समारोह में मंचासीन उद्घाट्नकर्त्ता, मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, सभा में उपस्थित सभी प्रबुध कुशवाहा बन्धु, महिलायें, छात्र-छात्राएं, पत्रकारगण एवं कुशल छायाकारगण, आप सबों का हमारे स्वदेशी लौह नगरी बोकारो क्षेत्र की ओर से इस गरिमामयी मंच से मैं हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत करता हूँ।

कर्मठ सदस्यों के साथ ताल मे ताल मिलाकर कठिनाइयों को पार कर इस फोरम को सुदृढ़ एवं अडिग नींव रखने वाले तथा सफलता पूर्वक निर्बाध गति देने वाले उन तमाम सहयोगियों को बोकारो क्षेत्र की ओर से तहे दिल से कोटि-कोटि नमन। बंधुओं, बड़े ही गर्व की बात है कि आज चौथे वर्ष अपने इस भवन में उन्मुक्त रूप से अपनी आम सभा का संचालन कर रहे है।

फोरम की ओर से जो भी कार्य सौंपा जाता है, हमलोग उसे पूरा करने का प्रयास करते है। ठीक ही कहा गया है कि- "करने की तुम कोशिश करना वादा कभी न करना क्योंकि- कोशिश जारी रहती है वादे तो टूट जाते है।"

बोकारो क्षेत्र में हमलोग, फोरम की गतिविधियों के साथ-साथ 2016 से ही होली मिलन तथा अभियंता दिवस 15 सितम्बर को बड़े ही सौहाद्रपूर्वक मना रहे है। आशा करते है कि आने वाले समय में अपने समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं तथा बुजुर्गतम वरिष्ठ नागरिक एवं कर्मठ महिलाओं को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करने का कार्यक्रम तैयार करेंगे।

हमारा क्षेत्र केन्द्रीय समिति का सदा आभारी है कि अध्यक्ष एवं महासचिव महोदय समय-समय पर फोन द्वारा तथा क्षेत्र का दौरा करके मार्गदर्शन करते रहते हैं। अध्यक्ष इ० शिवधारी सिंह के मार्ग दर्शन में हमलोग गतवर्ष 2017 में अपने क्षेत्र के नाम से बैंक एकाउन्ट खोलवा दिए है।

आप सभी से मेरा व्यक्तिगत एवं बोकारो क्षेत्र की ओर से आग्रह है कि सभी मदों में यथा संभव अपना सहयोग करें, साथ-साथ वार्षिक वनभोज एवं परिवार मिलन समारोह में सूचना पाकर हमारे यहाँ (बोकारो) जरूर पधारें।

"जय जगदेव, जय कुशवाहा"

। धन्यवाद ।

**( लालजी सिंह )**
अध्यक्ष, बोकारो क्षेत्र

# सचिव, राँची क्षेत्र का प्रतिवेदन ....

आदरणीय अध्यक्ष जी, उपाध्यक्ष जी, महासचिव जी, अन्य पदाधिकारीगण, क्षेत्रीय पदाधिकारीगण एवं अन्य उपस्थित साथीगण। राँची क्षेत्र हमेशा फोरम के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता रहा है एवं संचालित केन्द्रीय योजनाओं में भी सक्रिय सहयोग करता रहा है।

विगत वर्ष में विभिन्न कारणो से राँची क्षेत्र में वार्षिक वनभोज, होली मिलन जैसे कार्यक्रम आयोजित नहीं किये जा सके एवं मासिक बैठक भी औसत दो माह पर ही हो सका है। ऐसी विषम परिस्थिति में भी केन्द्र द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास किया गया है, जो केन्द्रीय कोषाध्यक्ष जी के प्रतिवेदन से स्पष्ट है।

फरवरी माह तक क्षेत्र से 1,22,200 की राशि विभिन्न योजनाओं में उपलब्ध करा दी गई है, जो मार्च तक 2,00,000 के करीब रहने की संभावना है। विगत वर्ष में नये सदस्यों का रजिस्ट्रेशन एवं आजीवन सदस्य का निर्धारित लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। विज्ञापन संग्रह में भी लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि प्राप्त की गई है। फोरम के कार्यों में विशेष सहयोग के लिए श्री चन्द्रशेखर मेहता उर्फ चन्दू, लोहरदगा एवं श्री राम प्रवेश कुशवाहा, राँची को विशेष तौर पर धन्यवाद ज्ञापित करते है।

उम्मीद है कि वर्तमान वर्ष में हम केन्द्र के निर्देशों का पालन करने में समर्थ होंगे एवं फोरम के सभी योजनाओं में निधारित लक्ष्य प्राप्त कर सकेंगे। राँची क्षेत्र की गतिविधि को आगे बढ़ाते हुए मासिक बैठक, वार्षिक बनभोज एवं सदस्यों से सम्पर्क आदि गतिविधियों को आगे बढ़ा सकेंगे।

अंत में 26 वीं केन्द्रीय आम सभा की सफलता की कामना करते है।

**( इ० निर्मल कुमार सिंह )**
सचिव, राँची क्षेत्र